विश्व आदिवासी अधिकार दिवस पर... पृष्ठ 2 | कच्छ गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 14 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 331, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए







# अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को त्वरित मिले न्याय : मुख्यमंत्री

## हमारी सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री, कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस : मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि अपराधियों के मन में कानून का भय हो, पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले। आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम रहे। बेवजह किसी नागरिक को परेशान न किया जाए। पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के साथ मित्रवत हो। पुलिस थानों का वातावरण ऐसा हो कि आम नागरिक को पुलिस थानों में प्रवेश करते समय सहयोग की उम्मीद हो। वे आज राजधानी के न्यू-सर्किट हाउस में कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं एसपी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दंड संहिता को बदल कर न्याय संहिता कर दिया है। इसका जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पुलिस को इन नए कानूनों के अनुरूप कार्य करने के लिए स्वयं को ढालना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है, और पिछले वर्षों की तुलना में अपराध की संख्या में कमी आई है।राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत - मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नए सिरे से सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है, इससे अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। लोगों को जागरूक करना और उन्हें इस बात का भरोसा दिलाना होगा कि पुलिस उनके साथ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में गौ-तस्करी व नशाखोरी एक बहुत बड़ी समस्या है, इस पर कड़ाई से नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए ऐसे मामलों में एंड टू एंड कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री, जुआ, सट्टा एवं गांजा की तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाकर दोषियों पर विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें। समाज में अशांति फैलाने वालों, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें और उनके खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। हत्या जैसे मामले में कार्रवाई में देरी नहीं होनी चाहिए तथा ऐसे केस में प्राथमिकता से त्वरित गति से कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला बदर और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधात्मक मामलों में देरी न हो और जिला बदर की कार्रवाई केवल कागजों पर ना हो बल्कि वास्तव में हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब बिक्री की बहुत शिकायत है, जिसमें पुलिस पर संरक्षण के आरोप लगते है, यह बिलकुल नहीं होना चाहिए। अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद होना चाहिए। कई जगहों में अवैध शराब बिक्री की जांच को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है, इस संबंध में शिकायतें मिलती है कि जांच टीम सही से जांच नहीं कर रही, अधिकारी जांच में उपस्थित नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि में धोखाधड़ी के मामले भी सामने आ रहे हैं, जिन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर पुलिस रेंज में अपराधों में कमी आई है, लेकिन इससे संतुष्ट नहीं होते हुए पुलिस की सक्रियता का स्तर और बेहतर करने की जरूरत है। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि दुर्ग पुलिस रेंज को और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हत्या और डकैती के मामले 6 महीने में भी नहीं सुलझ पा रहे हैं, ये उचित नहीं है। कई मामलों में आरोपी फरार है, इस पर जल्दी कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव पुलिस रेंज में कुछ जगह अच्छे काम हुए हैं, त्रिनेत्र एप और चिटफंड मामलों में अच्छी कार्रवाई हुई है लेकिन सिर्फ इतना पर्याप्त नहीं है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सीट-बेल्ट, हेलमेट पहनने की समझाइश दी जाए। उन्होंने बैठक में आने वाले दिनों में पुलिसिंग को और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी व उत्तरदायी बनाने की दिशा में किए जा सकने वाले उपायों पर चर्चा की।



**भूमाफियों पर रखें कड़ी नजर**- मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर रेंज की समीक्षा करते हुए राजधानी में पुलिसिंग की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि रायपुर प्रदेश की राजधानी है और यहां की पुलिसिंग का सर्वोत्तम स्तर पर होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने रायपुर में भूमाफियाओं द्वारा शासकीय और आम नागरिकों की जमीन पर कब्जे की शिकायतों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग मिलकर इस समस्या पर कड़ी नजर रखें और तुरंत कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशीली दवाइयों की बिक्री पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को इस अवैध व्यापार के इकोसिस्टम को तोड़ना होगा और अपराध की जड़ तक पहुंचकर इसे समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि रायपुर में स्कूल और कॉलेजों में नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है, ताकि युवाओं को इस घातक प्रवृत्ति से बचाया जा सके।



मुख्यमंत्री ने राजधानी में रात की गश्त को और प्रभावी बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए पुलिस पेट्रोलिंग को लगातार जारी रखने और संगठित अपराधों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कहा कि वे योजना बनाकर अपराध और अपराधियों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाएं ताकि अपराध पर काबू पाया जा सके और कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो सके। कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, राज्य के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## प्रशासन ने पहली बार की कड़ी कार्यवाही

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन प्रशासन ने आज एक लम्बे अरसे बाद नगर के वार्ड नं. 9 अटल आवास में एक शासकीय कर्मचारी के परिवार द्वारा बनाये जा रहे अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की। पट्टा प्राप्त जमीन से अधिक बेशकीमती भूमि पर छत लेबल तक का मकान बना लिया गया था। इसकी शिकायत पर कुछ दिनों पूर्व तहसीलदार द्वारा संबंधित को निर्माण कार्य को स्थगित करने आदेश दिया गया था, लेकिन धीरे धीरे करके निर्माण छत लेबल तक पहुंच गया, इसको आज ढहाने की कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार नपं अध्यक्ष हीरा निषाद के वार्ड में अटल आवास जाने वाले मार्ग पर किसी साहू परिवार को 0.06 डिसमिल का आबादी भूमि का पट्टा लगभग दस वर्ष पूर्व मिला था। जिस पर उन्होनें मकान निर्माण के बाद अपने सामने पड़ी खाली जगह पर भी अतिक्रमण कर दुकान व घर का



पक्का निर्माण कराया जा रहा था। जिसकी शिकायत मुहल्ले की ही एक महिला द्वारा नगर पंचायत, तहसील कार्यालय सहित एसडीएम कार्यालय सहित कतिपय जनप्रतिनिधियों को किया गया था। जिसको संज्ञान में लेते तहसील न्यायालय द्वारा निर्माण कार्य को रोकने हेतु बीते 18 अगस्त को स्थगन आदेश जारी किया गया था।

इस मामले में पता चला कि स्थगन आदेश के बाद भी अतिक्रमणकारी द्वारा निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। जिसकी पुन: शिकायत होने पर तहसील न्यायालय द्वारा सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को तोडऩे का आदेश पारित किया गया था। जिसके बाद आज सुबह तहसीलदार पीएल नाग की उपस्थिति में राजस्व अमला, पुलिस बल के साथ स्थानीय सेवतापारा कॉलेज रोड के सामने पहुंचा और जेसीबी से अतिक्रमण कर बनाये गये मकान व दुकान के ढांचे को पूर्णत: ढहाने की कार्यवाही की। इस दौरान अतिक्रमणकारियों की ओर से थोड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया, परन्तु समझाने पर वे भी न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने को राजी हो गये। लेकिन उन्होनें नगर के अन्य स्थानों पर सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमणों के विरूद्ध भी इसी तरह की कार्यवाही करने की मांग कर डाली।

प्रशासन द्वारा एक लम्बे अरसे बाद सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये पक्के निर्माण को ढहाने की कार्यवाही से नगर में भूमाफियाओं में हडक़ंप मचा हुआ है। बता दें, कि नगर में अनेक ऐसे स्थान हैं जिन पर कुछ लोगों ने बिना पट्टा के अपना कब्जा जमाया हुआ है। शिकायत न होने पर शासन प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पा रही है और शासन प्रशासन को इससे नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ का सदस्यता अभियान 16 से 30 सितम्बर तक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव का सदस्यता अभियान 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक चलाया जाएगा। भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला राजनांदगांव का सदस्यता प्राप्त करने के लिए इच्छुक नागरिक निर्धारित तिथि एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव में निर्धारित राशि जमा कर जिला संघ के सदस्य बन सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला संघ सचिव श्री देवेन्द्र अम्बादे के मोबाईल नंबर 9630569502 पर संपर्क कर सकते हैं।






### बाढ़ प्रभावित ग्रामों में क्लोरीनेशन उपरांत जल प्रदाय शुरू

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में विगत दिनों हुई तेज बारिश के बाद शिवनाथ नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया था। जिससे नदी किनारे बसे जिले के लगभग 35 ग्रामों में बाढ़ की सूचना प्राप्त हुई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बाढ़ की जानकारी मिलते ही अलर्ट मोड में है तथा बाढ़ प्रभावित ग्रामों में निरंतर नजर बनाए हुए हैं। धीरी एवं मोहारा समूह जल प्रदाय योजना के इंटेकवेल पूरी तरह से डूब जाने के कारण 47 ग्रामों में जल प्रदाय बंद हो गया था। जलस्तर कम होने पर विभाग के अमलों द्वारा इंटेकवेल तक पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित समस्त ग्रामों में क्लोरिनश का कार्य तत्काल कराया गया तथा पेयजल परीक्षण हेतु सैंपल भी जांच हेतु भेजा गया। सभी 47 ग्रामों में क्लोरीनेशन उपरांत जल प्रदाय हो रहा है।

# सहकारी बैंक की शाखा खुलवाले किसानों ने किया धरना प्रदर्शन!



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** घुमका ब्लॉक संघर्ष समिति घुमका के बैनर तले किसानों की सुविधाओं के लिए ग्राम बघेरा में सहकारी बैंक की शाखा खुलवाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किसानों द्वारा किया गया।पूर्व विधायक व अनुसूचित जाति प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल के मार्गदर्शन में व संघर्ष समिति अध्यक्ष रमाकांत साहू कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन करते हुए भाजपा की साय सरकार को जमकर कोसते हुए उन्हें किसान विरोधी कहा। बघेरा बाजार चौक में सैकड़ो किसान एकत्रित हुए सभी ने सहकारी बैंक की शाखा जल्द खुलवाने की मांग की।

सभा को सम्बोधित करते हुए भुनेश्वर बघेल ने कहा कि वर्तमान में इस छेत्र के किसानों को 20 ध्द्व की दूरी तय करते हुए घुमका सहकारी बैंक जाना पड़ता है जिससे उन्हें कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है। घुमका सहकारी बैंक में लगभग 15000 खाते हैं जो बघेरा में बैंक होने पर 5000 खाते यहाँ स्थानांतरित हो जाएंगे जिससे किसानों को बड़ी सुविधा मिलेंगी। किसान हितेषी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घुमका में भेट मुलाकात कार्यक्रम में बघेरा में सहकारी बैंक खुलवाने की घोषणा की थी किन्तु भाजपा की सरकार आते ही इस पर कोई अमल नही किया जा रहा। उन्होंने कहा कि हम किसान भाइयों की मांगों को प्रशासन तक पहुचाने के लिए लगातार आवाज उठाते रहेंगे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमाकांत साहू व कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रही है भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा सबके सामने आ रहा है अगर मांग जल्द पूरी नही की गई तो हम किसानों के हितों के लिए सड़क से सदन तक कि लड़ाई के लिए तैयार है। धरना प्रदर्शन के बाद प्रदर्शन कारियो ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर घुमका तहसीलदार सोनित मेरिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

# विश्व आदिवासी अधिकार दिवस पर प्रमुख माँगो के निराकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व आदिवासी आधिकार दिवस पर वनांचल क्षेत्र से आए आदिवावासियों ने अपनी प्रमुख माँगो को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय के गेट के सामने नारेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री , अध्यक्ष/सचिव जनजाति आयोग के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 13 सितम्बर 2007 को विश्व आदिवासी आधिकर दिवस घोषीत है जिसमें 46 अनुच्छेद है जिसके घोषणा पत्र में आदिवासीयों को अधिकर दिया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगावं जिले की स्थानीय स्तर पर संवैधानीक अधिकर मांग एवं समस्या निम्न मांग छत्तीसगढ़ में 32त्न आदिवासी जनसंख्या है 60त्न क्षेत्रफ्ल पांचवी अनुसूचि में आता है पांचवी अनुसूची में लोहा, कोयला, टीन, बक्साइड जैसे अनेको खनीज एवं वन उपज भी प्रयाप्त है। आदिवासी समाज आजादी के बाद से एवं सन् 2000 में नया राज्य के गठन बाद से आदिवासी समाज आपने संवैधानीक अधिकारो को लेकर संघर्षरत है। अपने अधिकार और प्रताडना के निराकरण के लिए शासन प्रशासन को लगातार आवेदन निवेदन के बाद धरना प्रदर्शन घेराव उपरोक्त अभी तक निराकरण नही हो पाया है। पेशा एक्ट, 32त्न आरक्षण, पांचवी अनुसूची में स्थानीय आरक्षण, विस्थापन, नक्शल समस्या, पुलिस अत्याचार, जमीन की लडाई, भुराजस्व सहीता 165 एवं 170 (ख) के साथ जल जंगल जमीन के लिए अपने अधिकार, गोडी भाषा को आठवी अनुसूची में शामिल किया जाये जैसे तमाम मुद्दो को लेकर शासन प्रशासन से मांग करता रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम बेलगांव विकासखण्ड डोरगरढ़ के टाकेश्वर कवंर की पुलिस प्रशासन एवं स्वस्थ्य विभाग के प्रशासन के द्वारा हत्या की गई है जिसकी जांच स्ढ्ढञ्ज की रिपोर्ट भी सामने नहीं आई है एवं दोषीयो पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही कि गई है। दोषीयो पर कार्यवाही कर परिवार को उचित मुआवजा



दिया जाए। मां बम्लेश्वरी देवी गोंड आदिवासीयो कि सदीयो से मुल आराध्य देवी है जिसका पूजा अर्चना विधिवत् हमारे उईके परिवार के गोड बईगा द्वारा किया जाता है। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट में गोंड आदिवासीयो 50त्न ट्रस्टी आरक्षीत किया जाये जिसकी मांग 11/08/2024 को किया गया है। वहीं डोगरगढ़ के आदिवासी बहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत बोरतलाव में समुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र शासन द्वारा स्वीकृत है जिसके कुछ कमर्चारीयो की नियुक्त कर डोगरगढ़ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सेवा दे रहे है। जब तक शासन की समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण नहीं हो जाता तब तक अस्थाई रूप से आदिवासी गोंड समाज के भवन दुनियाटोला बोरतलाव में स्वास्थ्य सेवाये प्रारम्भ किया जाये। डोगरगढ़ में ख.न. 534 की 35 डिसमील एवं छिरपानी ख.न. 2/1 की 41 डिसमील जमीन विगत कई वर्षों से समाज का कब्जा है धर्मशाला एवं रानी दुर्गावत्ती की प्रतिमा स्थापीत है। जिसे समाज के नाम से पट्टा प्रदान किया जाये आदिवासी कोयतुर गोड समाज क्षेत्र इकाई डोगरगढ़ द्वारा 40 डिसमील शासकीय भूमि नगर पलिका डोगरगड़ के ख.न. 149/1 रकबा 5.787 से भूमि प्रदान किया जाये। ग्राम मक्काटोला तहसील लाल बहादुर नगर के भोजराज मंडावी की भूमि ख.न. 78/2 को तिरलोचन साहू, गोपीराम साहू ग्राम सेन्दरी के द्वारा धोखाधड़ी कर उक्त भूमि को अहिल्या उजवने, शैलेष उजवने ग्राम बोरतलाव एवं अजय जोजो बधियाटोला के नाम पर किया गया है जिसका रकबा 10 एकड़ भूमि है। उचित कार्यावाही कर भोजराज मंडावी को भूमि वापस किया जाये। आदिवासी बहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत कनेरी, कारूटोला की लगभग 129 एकड 87 डिस्मील महेन्द्रा स्पंज कम्पनी के नाम पर दर्ज है उक्त जमीन किसानो के नाम से पर्चा पट्टा बना हुआ है इसकी स्वत्रन्त जांच किया जाए।

बागरेकसा से कोठीटोला तक प्राधनमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत् पिछले छः माह पूर्व रोड बना था जो तीन माह के अन्दर ही पूरी तरह से क्षतिग्रस्त जर्जर हो चुका है गुणवता हीन रोड की जांच हो। ग्राम गहीराभेंडी तहसील छुरीया के होरसिंग / झाडुराम गोंड़ की जमीन ख.न. 229 रकबा 8.05 एकड़ भुमि को गैर आदिवासी गोवर्धन / निरंजक गडरीया कसी/रमा जाति गडरीया मिलु, बलि इन लोगो ने अवैध कब्जा किया इसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कर एवं जमीन होरसिंग को जमीन वपास दी जाए। ग्राम केसाल तहसील कुमरदा के रामसूख परदेशी कवंर की भूमि ख.न. 219/2 रकबा 0.040 हे. भूमि पर गैर आदिवासी तमेस कुमार चिंतराम लोहर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है उसकी जाँच की जाए। जिले का ड्डस्रू फ्न्ड को आदिवासीयो के शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के लिए उपयोग में लाऐ।



**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** मेडिकल कॉलेज में मिले स्वाइन फ्लू के दो मरीज, एक मरीज को रख गया है वेंटिलेटर पर, एक की हालत स्टेबल बताई जा रही है, दोनों मरीजों को रखा गया है आइसोलेशन वार्ड में।

## पुलिस की लाचारी और कामचोरी, अपराधियों को मिलता है, बल

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरे प्रदेश में रेप और हत्या के कई मामले लगातार देखने और सुनने मिल रहे है, अपराध रुक नही रहा है, कारण अपराधियों पर पुलिस की पकड़ धीमी हो गई है। ऐसा ही एक मामला मेरे संज्ञान में आया जिसमे एक 14 साल की किशोर युवती के साथ एक युवक ने शाररिक सम्बन्ध बनाये और युवती को गर्भवती कर दिया।युवती के परिजन युवती का प्रसव के हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, हॉस्पिटल से डॉक्टर द्वारा बकायदा सम्बंधित थाने में लिखित सूचना भी दी, लेकिन मामले में थाने से कोई कार्यवाही होती नजर नही आ रही है,अभी मामले में एआईआर भी दर्ज नही हो पाई है। ऐसे में अपराधियों के हौसले बुलन्द होना लाजमी है। ऐसे अपराधों को पुलिस संज्ञान में नही लेकर शासन की छवि धूमिल करने में कोई कसर नही छोड़ रही है।

## कल बाल रत्न मंच गणेश उत्सव द्वारा अन्नकूट भंडारा महाप्रसाद का 31 वा आयोजन अग्रसेन भवन में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बाल रत्न मंच गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने बताया कि भंडारा महाप्रसादी के प्रमुख सेवादार पीयूष शर्मा , शैलेश शर्मा , अरविंद गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति अपने 31 वे गणपति महोत्सव में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भाद्रपद शुक्ल वामन द्वादशी दिनांक 15 सितंबर 2024 दिन रविवार समय दोपहर 12:00 से स्थान अग्रसेन भवन भरका पारा में अन्नकूट भंडारा महाप्रसाद का आयोजन कर रही है । मुख्य अतिथि माननीय मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा, विशिष्ट अतिथि माननीय जितेंद्र मुदलियार , माननीय शरद अग्रवाल अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स राजनादगांव , अर्पण खंडेलवाल अध्यक्ष खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन राजनादगांव होंगे । विघ्नहर्ता भगवान गणपति को भंडारे का भोग लगाकर अतिथियों द्वारा भंडारा महाप्रसाद वितरण का शुभारंभ किया जाएगा आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य राहुल अग्रवाल मयंक शर्मा सौरभ खंडेलवाल रितेश यादव ने नगर के समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ को भंडारा महाप्रसाद हेतु आमंत्रित किया है ।

## गणेश विसर्जन झाकी मार्ग देख आयुक्त गुप्ता ने पेचवर्क पूर्ण कर मार्ग की झाडिया छटनी करने, विसर्जन कुंड की सफाई के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह गणेश विसर्जन झाकी मार्ग का निरीक्षण कर



पेचवर्क पूर्ण करने, झाकी निकलने वाली मार्ग की झाडिया की डंगाली छटनी करने, विसर्जन कुण्ड की सफाई करने के अलावा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने शहर की विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली। गणेश विसर्जन को देखते हुये नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता आज प्रात: मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, कुण्ड में ताजा पानी भरने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि विसर्जन कुण्ड के आस पास साफ सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे, इसके अलावा विसर्जन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था भी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने झाकी निकलने वाले मार्ग का निरीक्षण कर कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झाकी आने वाले रूट के शेष पेचवर्क पूर्ण करे। उन्होंने गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, गंज लाईन का निरीक्षण कर कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण कई सडके खराब हो गयी है,आयुक्त श्री गुप्ता गणेश पर्व एवं विसर्जन को ध्यान में रखते हुये शहर में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर कहा कि शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में लगे विद्युत खंभो की बंद लाईट मरम्मत करे तथा विद्युत तार दुरूस्त करे। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि निर्देशानुसार नंदई चौक से मोहारा नदी तक डिवाईडर की लाईट रिपेरिंग किया गया, इसी प्रकार जी.ई.रोड की लाईटे मरम्मत की गयी तथा महामाया चौक से डोंगरगांव रोड, फरहद चौक डिवाईडर, खैरागढ़ रोड एवं फ्लाई ओव्हर की लाईट रिपेरिंग की जा रही है तथा शहर के अंदर मुख्य मार्गो की लाईटे मरम्मत की गयी है।

**शुभांक**

2-7-9

247-3 389-0

**भाग्यांक**

334-0 130-4

# भाजपा सदस्यता अभियान हेतु विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न

## दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर 2 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान को लेकर गुरूवार को भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रागंण में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक सदस्य बनाने सहित निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मुख्य वक्ता दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बैठक का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर प्रागंण में विराजित श्रीगणेश की पूजा अर्चना से हुआ। पश्चात् पूर्व जिपं अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री दिनेश गांधी ने सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। उन्होनें कहा कि हमें गर्व है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी है। इसके सदस्यता अभियान को सभी को गंभीरता से लेना है। उन्होनें कहा कि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता सामर्थ्यवान है, वह जो ठान लेता है उसे पूरा करके ही रहता है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक व्यति, वर्ग तथा क्षेत्र तक पहुंचकर सभी को भाजपा का सदस्य बनाने के लिए काम करना है ताकि कोई भी व्यक्ति



राष्ट्र विकास के योगदान में पीछे न रह जाये। दुर्ग विधायक श्री यादव ने सर्वप्रथम दायित्वाधीन कार्यकर्ताओं से क्रमवार परिचय प्राप्त किया। पश्चात् कहा कि सदस्यता अभियान की प्राथमिकता को हमे गंभीरता से लेना होगा। पार्टी ने इसे सदस्यता महापर्व का नाम दिया है अत: अन्य त्योहारों की भांति हम इस संगठन महापर्व में भी उत्साह के साथ भाग लेंवे। उन्होनें कहा कि पार्टी ने इस विधानसभा में 50 हजार का लक्ष्य दिया है, लक्ष्य बड़ा है। परन्तु विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों में 2 सौ कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य हासिल कर लें तो 50 हजार का लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं होगा। उन्होनें यह भी बताया कि पार्टी से मिले निर्देश अनुसार 50 सदस्य बनाने वाला ही सक्रिय सदस्यता प्राप्त करने का अधिकारी होगा। इसलिए सभी कार्यकर्ता इस प्रयास में रहें कि कम से कम उनके मार्फत से 50 सदस्य अवश्य बनें। उन्होनें कहा कि सदस्यता अभियान पूरी तरह हाईटेक है और मोबाईल के माध्यम से सदस्य बनाना काफी आसान है। इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से अब लगभग 8 हजार सदस्य बन चुके हैं, जो पूरे राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक है। लेकिन अभी हम सबको और मेहनत करने की आवश्यकता है। सदस्यता अभियान हेतु डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र को अलग - अलग सेक्टरो में बांटकर कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं को शक्ति केन्द्रों का प्रभारी बनाया गया। जिन्हें मेनुअल सदस्यता पत्रक का वितरण भी किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जिपं सदस्य जागृति यदु, इन्मुमति साहू, डॉ. निरेन्द्र साहू, दुर्ग के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश दीक्षित, गिरवर साहू, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, अपर्णा तिवारी, निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, दीप्ति ठाकुर, ममता उइके, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, रामाधीन देवांगन, योगेश पटेल, जागेश्वर यादव राजू, डिकेश साहू, सतीश पाण्डेय, टोमन साहू, कोमल साहू, चुन्नी यदु, दिलीप साहू, देवेन्द्र साहू, प्रशांत कोडापे, बिरेन्द्र साहू, गोकुल सिन्हा, अमरोतन साहू, गुलशन हिरवानी, लोकेश यदु, भागवत सिन्हा, जनक साहू, राजू साहू, रामाधार ओझा, हेमलाल वर्मा, भोजराज वर्मा, मनीष साहू, तिमेश साहू, संतोष सोनी सहित बडी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी मुश्किल रास्ता बाधा नहीं बन सकता- एडवोकेट टोमन यादव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** घर की चारदीवारी उनके जुनून और सपनों की गवाह है। अभावों और कठिनाइयों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने का जज्बा रखने वाले युवा टोमन लाल यादव का बचपन बेहद गरीबी में बीता। इसके बावजूद उन्होंने शिक्षा का मार्ग कभी नहीं छोड़ा। दिन में काम करने के बाद, टोमन अपने सपने को पूरा करने के लिए रात में किताबों के साथ समय बिताते थे । आज वे अधिवक्ता बनकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। टोमन लाल यादव का जीवन संघर्ष और सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी है। उनका जन्म 4 मार्च 1988 को



छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में हुआ था। उनके पिताजी गंज मंडी में हमाल का कार्य करते थे और उनका बचपन अत्यंत गरीबी में बीता। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि उन्हें बचपन से ही किराना स्टोर्स में काम करना पड़ा। इस कठिन परिस्थिति के बावजूद, टोमन ने हार नहीं मानी। उन्होंने बीएससी, एलएलबी और एमएसडब्लू की शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और कठिन परिश्रम उन्हें आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ। स्कूल और कॉलेज के दिनों में उन्हें कई बार आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी इच्छाशक्ति ने उन्हें कभी पीछे नहीं हटने दिया। दृढ़ निश्चयी युवा टोमन यादव को वकील बनने की प्रेरणा बचपन में ही मिली। वे राजनांदगांव जिले के प्रसिद्ध अधिवक्ता मनोज चौधरी से बहुत प्रभावित थे। चौधरी जी की न्यायप्रियता और समाज सेवा की भावना ने टोमन को अधिवक्ता बनने के लिए प्रेरित किया। टोमन ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन-रात मेहनत की और आखिरकार वे वकील बन गए। वे शहर के वरिष्ठ वकील अशोक महोबिया के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं...महोबिया जी ने उन्हें कानून की बारीकियां सिखाई हैं और वरिष्ठ अधिवक्ता दुबे जी समय-समय पर उन्हें उचित सलाह देते रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को दिया है, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया। टोमन लाल यादव ने अपने संघर्ष और कड़ी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि अगर मन में सच्ची लगन और दृढ़ संकल्प हो तो कोई भी मुश्किल रास्ता बाधा नहीं बन सकता। अधिवक्ता टोमन लाल यादव की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि अगर इंसान में आत्मविश्वास और मेहनत करने की लगन हो, तो कोई भी बाधा उसे रोक नहीं सकती। उनकी जीवन यात्रा एक मिसाल है उन सभी लोगों के लिए जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने की हिम्मत रखते हैं। टोमन लाल यादव का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है, जो यह सिखाता है कि संघर्ष और परिश्रम का फ्ल अवश्य मिलता है।

## एक अनोखा मिसाल : गणेश पंडालों से आस्था के फूल संग्रहण कर तलाबो को प्रदुषित होने से बचाने की अभियान चला रही हरियाली बहिनी

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** हरियाली बहिनी एक अनोखा मिशाल कायम करने जा रही हैं, गणेश पंडालों से आस्था के फूल संग्रहण कर तलाबो को प्रदुषित होने से बचाने की अभियान चला रही है, पंडाल में जाकर तालाब में फूलो को डालने के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए जागरूक कर रही है। अविभाजित



राजनांदगाँव जिले के तकरिबन 150 गांवों में हरियाली बहिनी के माध्यम से बप्पा में चढ़े फूलों को संग्रहण कर उसे सुखाकर बम्लेश्वरी महिला प्रोड्क्सन कम्पनी को आगरबत्ती में लगने वाले रा-मटेरियल के लिए देंगी, राजनांदगाँव एवं के.सी.जी. मुख्यालय में आस्था के फूलो का संग्रहण के लिए ई-रिक्शा को रथ बनाकर पदमश्री फुलबासन यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि गांव गांव में बड़ी संख्या में बप्पा विराजमान है, जिसमें आस्था के फूल को एकत्रित करने में हरियाली बहिनी लगी हुई है जो आगे भी नौरात्र में भी फूलों का संग्रहण करेंगी । इस दौरान जनिया साहू, कस्तूरी धनकर, विनोद साहू, दिनेश साहू, सरस्वती साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

# छापा मार कार्रवाई में 30.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा



रही है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम बेलहरी निवासी वीरेन्द्र साहू के घर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान 170 नग पाव मध्यप्रदेश निर्मित बॉम्बे व्हिस्की कुल मात्रा 30.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती कुसुमलता जोल्हे सहित श्री निराम शाह ठाकुर, श्री लाल सिंह राजपूत, श्री आर्यन ठाकुर, श्री दीपक शामिल थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# नंदिनी खुंदनी हत्याकांड की न्यायिक जांच की मांग

## यादव समाज ने की मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनांक 7 सितंबर को नंदिनी खुंदनी में 3 नवयुवकों की हत्या सामूहिक रूप से कर दी गई थी। इस मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर आज 13 सितंबर को यादव समाज की राजनांदगांव इकाई द्वारा कलेक्टर की अनुपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम से डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में यादव समाज के अध्यक्ष दुर्गेश यादव, महेश यादव, दुर्गा यादव, गुरूदेव हरीश यादव, शीलू यादव, अमन यादव, राजेश यादव, मदन (मन्टू) यादव, मुन्ना यादव, रितेश यादव, राधेलाल यादव, विजय यादव, गरीबा यादव, समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। ज्ञापन में समाज द्वारा किया गया है कि इस दर्दनाक घटना में जिन युवकों की हत्या हुई है। उन पर ही उनका पूरा परिवार आश्रित था। समाज द्वारा आरोप लगाया गया है कि घायल युवाओं को अहिवारा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण उनका समय पर ईलाज हो सका। यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई। मृतक युवक अपने परिवार का भरणपोषण करते थे। उनके असामयिक निधन से परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक मृतक राजेश यादव, करण यादव एवं वासु यादव के परिवार को 30 - 30 लाख रूपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाये। ताकि मृतक के परिजन इस संकट से उबर सके और साथ ही साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई करने की मांग समाज द्वारा की गई है और साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि उक्त विषय पर शासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाता तो समाज द्वारा आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जवाबदेही शासन की होगी। उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में समाज के सचिव दुर्गा प्रसाद यादव ने दी।

# बाढ़ पीड़ितों की व्यवस्था में नाकाम रहा प्रशासन - भागवत साहू

## जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष ने लिया बाढ़ प्रभावित ग्रामों का जायजा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दो-तीन दिन पहले जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ आने के बाद स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भागवत साहू ने बाढ़ प्रभावित इलाकों मोहारा, मोहड़, भर्रेगांव, रवेली, खैरा आदि का दौरा किया। इस दौरान श्री साहू ने भर्रेगांव जाने के पहले कन्हारपुरी में रुके पानी अधिक होने की वजह से आगे जाने में काफी दिक्कत हुआ। कन्हारपुरी में रुककर वहां के लोगों से बात किया और मोबाइल फोन के माध्यम से भर्रेगांव के लोगों से मोबाइल पर चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन से हमें कोई मदद नहीं मिला। उनके इस आकस्मिक दौरे से उन्हें यह पता चला कि अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावितों के बचाव एवं राहत कार्य में जिला प्रशासन ने समुचित व्यवस्था नहीं की थी। इस



वजह से प्रभावित लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्री साहू ने भाजपा सरकार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं को जनता की फिक्र नहीं है। उन्हें तो अपनी सदस्य संख्या बढ़ाने की फिक्र ज्यादा है। अगर चिंता होती तो इस प्राकृतिक आपदा की स्थिति में भाजपा नेता बड़ी संख्या में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आते लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाढ़ में फंसे लोगों को खाने पीने के अलावा अनेक परेशानियों से भाजपा शासन में जूझना पड़ा है। ऐसे मौके पर तो भाजपा नेताओं को आगे जाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। लेकिन सिर्फ सत्ता सरकार सुख भाजपा नेता भोग रहे है। इसके अलावा कुल मिलाकर जिला प्रशासन बाढ़ आपदा योजना को लेकर पूरी तरह जीरो रहा। भाजपा राज में अफसर शाही हावी है। सिर्फ हेल्प लाइन नंबर डालकर छोड़ दिया। बाढ़ में फंसे लोगों की चिंता ना तो भाजपा के नेताओं ने की और ना हीं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने की। जिसको लेकर बाढ़ पीड़ितों में भाजपा सरकार के प्रति काफी रोष देखने को मिला है। इस दौरान जिले के वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू मौजूद थे।

## ज्ञान मंथन

*1) स लेंज ऑफमेरिट किस देश का सर्वोच्च सम्मान है?*

*2) ज्वालामुखी को क्या कहा जाता है?*

*3) महावीर स्वामी यती कब कहलाए?*

*4) हड़प्पा काल में ताँबे के रथ की खोज किस स्थान से हुई थी?*

*5) हाल ही में दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकिल कौन लांच किया है ?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) संयुक्त राज्य अमेरिका (2) प्रकृति का सुरक्षा वाल्व (3) घर त्यागने के बाद (4) दैमाबाद (महाराष्ट्र) (5) बजाज

## हमारा हिंदी दिवस

हिंदी हमारी है स्वराष्ट्र भाषा,
परिष्कृत भावों का संसार है।
होते विचारों का आदान प्रदान,
विभिन्न बोलियों का आधार है।
ऋषि मुनियों का है ग्रंथ पुराण,
काव्य साहित्य जहाँ अपार है।
राग रागनियां कला रंगमंच पर,
हर्ष विनोदमयता का प्रचार है।
अंग्रेजी तो खड़ी एक टांग पर,
हिंदी शब्दों की पुष्प भण्डार है।
उत्तर दक्षिण और पूरब पश्चिम,
भारतीयता का प्रचार प्रसार है।
इंद्रधनुषी सा इनका रूपांकन,
जैसे जुड़ा धरती व आकाश है।
सहेजती है राष्ट्र विविधताओं को,
जैसे समुद्र में नदियों की धार है।
नित छप रहे हैं बावन वर्णाक्षर,
लिए हाथ पे लोग अखबार है।
है इतिहास भूगोल व धर्म ग्रंथ,
हिंदी ज्ञान-विज्ञान का प्रकाश है।



मदन मंडावी
डोंगरगढ़ , राजनांदगांव
छ.ग.मो.7693917210

# कच्छ गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा जी का उत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** कच्छ गुर्जर गुजराती समाज के द्वारा श्री रामदेवपीर बाबा जी का जन्म उत्सव भाद्र शुक्ल द्वितीय को बड़े धूमधाम से कच्छ गुर्जर गुजराती समाज के भवन में जन्मोत्सव मनाया जाता है । कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा 32 वर्षों से प्रतिवर्ष उनके उत्सव स्वरूप कार्यक्रम मनाया जा रहा है जिसमें श्री रामदेव पीर बाबा जी के अवतार एवं लीलाओं का गुणगान करने हेतु हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक धार्मिक आयोजन कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा किया जा रहा है । जिसमें डोंगरगढ कच्छ गुर्जर गुजराती समाज की महिला पुरुषों और बच्चों के द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा के उत्सव को लेकर भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाती है जिसमें शोभा यात्रा शिवलाल भाई टांक के निवास से प्रतिवर्ष दोपहर 2:30 से प्रारंभ होकर शहर का भ्रमण करते हुए इस वर्ष 6:00 बजे मारवाड़ी धर्मशाला में शोभा यात्रा का समापन किया गया संध्या 6:30 बजे आरती प्रसाद वितरण और रात्रि 7:30 से 9:30 तक महाप्रसादी भंडारा का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला में किया गया ।।

**भजन संध्या का कार्यक्रम**

रात्रि 8:30 से रात्री 12:30 बजे तक चला मध्य प्रदेश के बालाघाट से आए हुए कलाकार अंकित शर्मा एवं दीपिका आनंद द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा जी के भजनों के साथ साथ मध्य प्रदेश के जबलपुर से आये पुनीत राज द्वारा नित्य एवं झांकी की प्रस्तुति की गई ।कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा अन्य समाज के लोगों को भी इस उत्सव व महाप्रसादी के कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया ।। उत्सव के एक दिन पहले गुरुवार को कच्छ गुर्जर गुजराती समाज की महिला पुरुष व बच्चों के द्वारा रास-गरबा के पारंपरिक गीत,सनोड़ो, भजन के साथ संपन्न हुआ ।। उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन में सुबह से श्री रामदेव पीर बाबा की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की तैयारी की गई साथ ही शाम के होने वाले अन्य कार्यक्रमो की रूप रेखा तैयार किया गया।।

**पीर बाबा रामदेव का जन्म कब कहां और किन के है वंशज**

रामदेव जी (बाबा रामदेव, रामसा पीर, रामदेव पीर,पीरो के पीर) का जन्म ऊंडु काशमीर (बाड़मेर)के एक हिन्दु परिवार में हुआ, ये सायर जी जयपाल के पुत्र थे रामदेवजी की माता का नाम मगनी बाई था ,और बहन डाली बाई थी जो नीम के पेड़ के नीचे झुले में मिली बाबा रामदेव जी के वंशज थे । रामदेव जयंती, अर्थात् बाबा का जन्मदिवस प्रतिवर्ष उनके भक्तों द्वारा सम्पूर्ण भारत में मनाया जाता है। यह तिथि भाद्र शुक्ल द्वितीया को पड़ती है। रामदेवरा के मंदिर में भादवा सुदी बीज से एकादशी तक एक अंतरप्रांतीय मेले का आयोजन होता है जिसे भादवा का मेला कहते हैं। इस मेले में देश के हर कोने से लाखों हिन्दू और मुस्लिम श्रद्धालु यात्रा करते हुए पहुंचते हैं तथा बाबा को याद कर उनकी समाधि पर नमन करते है ।। बाबा रामदेव के बारे में कहा जाता है कि उनके पास चमत्कारी शक्तियां थीं

**उनके जन्म का उद्देश्य-** बाबा रामदेव ने अपना जीवन दलित और गरीब लोगों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था । बाबा रामदेव के लोक गीतों और कथाओं में भैरव राक्षस का वध, घोड़े की सवारी, लक्खी बनजारे का परचा, पांचों पीर का परचा, नेतलदे की अपंगता दूर करने आदि के उल्लेख मिलते हैं बाबा रामदेव के घोड़े की श्रद्धा से पूजा की जाती है राजस्थान में मेघवाल समुदाय के लोग बाबा रामदेव के कट्टर भक्त माने जाते हैं बाबा रामदेव के पुजारी मेघवाल जातिके होते हैं जिन्हे रिखिया कहा जाता है

**बाबा रामदेव जी ने समाधि कब और कहाँ ली-** बाबा रामदेव ने राजस्थान के रामदेवरा में वि.स. 1442 में भाद्रपद शुक्ल एकादशी को 33 वर्ष



की आयु में समाधि ली थी समाधि लेने से पहले उन्होंने अपने हाथ से श्रीफल लेकर बड़े-बुजुर्गों को प्रणाम किया था इसके बाद, सबने पत्र-पुष्प चढ़ाकर बाबा रामदेव का पूजन किया था समाधि में खड़े होकर बाबा रामदेव ने अपने भक्तों को कुछ उपदेश भी दिए थे इन उपदेशों में उन्होंने कहा था कि हर महीने की शुक्ल पक्ष की दूज को पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन करना चाहिए उन्होंने यह भी कहा था कि हर साल उनके जन्मोत्सव के दिन और समाधि लेने की याद में उनके समाधि स्थल पर मेला लगना चाहिए । बाबा रामदेव को कृष्ण का अवतार माना जाता है अपने जीवनकाल में उन्होंने छुआछूत भेदभाव मिटाने समेत कई काम किए थे ।।

# गंज मंडी में रमेश पटेल एवम सचिन बघेल करेंगे डोला यात्रा का शुभारंभ

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भादवा शुक्ल एकादशी जो डोल ग्यारस के नाम से प्रसिद्ध है, के दिन गंजनगर के विभिन्न मंदिरों मैं प्राण प्रतिष्ठित भगवान राधा कृष्ण एवं बालकृष्ण भव्य डोले एवम रथ में बैठकर नगर भ्रमण करते हुए रानी सागर में जल क्रीड़ा करने पहुंचते है। 14 सितंबर शनिवार को नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री बलदेव राधाकृष्ण मंदिर ( किला मंदिर ), श्री बालाबाबा मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री बलभद्री जमात मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्री स्वामी जुगलकिशोर बड़े जमात मंदिर, श्री नोनी बाई मंदिर, श्री जलाराम राम मंदिर में विराजित भगवान राधाकृष्ण एवम बालकृष्ण भगवान अपने अपने मंदिरों से सज धजकर डोले अथवा रथ में विराजित होकर दोपहर 1:45 बजे तक पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेंगे। सभी देवी देवताओं का स्वागत श्री बालाजी मंदिर समिति द्वारा किया जायेगा। यहां भगवान की पूजा आरती राजगामी संपदा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष सैंडीरमेश पटेल एवम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल द्वारा की जाएगी, पश्चात सभी डोलो को श्री पटेल एवम श्री बघेल द्वारा अपने हाथो से उठाकर डोला यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, मंदिर समिति के रामावतार जोशी, सुरेश अग्रवाल, लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी दी है कि डोला यात्रा में सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन एवम साथियों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। डोला यात्रा पुरानी गंज मंडी से तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, फौव्वारा चौक से जमात पारा होते हुए रानीसागर पहुंचेगी। यहां सभी डोलो में विराजित भगवान राधाकृष्ण एवम बालकृष्ण की अगुवानी पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवम महापौर श्रीमती हेमा देशमुख द्वारा करके नौका में बैठाया जायेगा। सभी भगवान रानी सागर में जल क्रीड़ा करने नौका विहार करेंगे।

# मजदूर दिवस पर 17 को भारतीय मजदूर संघ की रैली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई द्वारा आगामी 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा के जन्म दिवस जिसे मजदूर संघ राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाता है को लेकर जोरदार तैयारियॉ प्रारंभ हो गई है। इस संदर्भ में भामसं की एक बड़ी बैठक आज दोपहर महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई, जिसमें प्रस्तावित श्रमिक सम्मेलन व रैली को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आगामी दिनों में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये किये जाने वाले कार्यो की जिम्मेदारी बांटी गई। भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बैठक की शुरूआत करते हुये मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय श्रम दिवस विश्वकर्मा जयंती का हम सबके जीवन में बड़ा महत्व है। हमारी संस्कृति में भगवान विश्वकर्मा पहले आर्किटेक्ट हुये है, जिन्होनें समाज के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुये संसार को गढ़ा है। वे मेहनतकश लोगों के आराध्य है, उन्होनें नयी तकनीकी



के माध्यम से मेहनतकश लोगों को नयी राह दिखाई है, इसी वजह से भारतीय मजदूर संघ उनके जन्मदिवस को देश का वास्तविक मजदूर दिवस मानता है। हम इस दिन बड़े से बड़े कार्यक्रम आयोजित करते है। श्री मिश्रा ने प्रस्तावित मजदूर सम्मेलन व रैली की समीक्षा करते हुये कहा कि हजारों की संख्या में जिलेभर का कामगार उस दिन अपने आराध्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन व उनकी शोभायात्रा के लिये एकत्रित होगा, इसलिये यह आवश्यक है कि हम सभी तत्पर व तैयार रहें। बैठक की अध्यक्षता भामसं के जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुदर्शनदास मानिकपुरी, अल्का बारसागढ़े, पोदास सार्वा, जयप्रकाश साहू, गोपालदास साहू, शत्रुहन, केशवराम सिन्हा, ठाकुर राम यादव, बहलराम, बलदाऊ राम, लोमश वर्मा, विश्राम साहू, हेमंत, रामखिलावन जांगड़े, गोविन्दा, दीपचंद, गोपीराम जांगड़े, बबीता बाघमारे, श्रीमती भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू, बबीता बाघमारे सहित बड़ी संख्या में मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# सुरजपुर के एसडीएम द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र मंडी रोड सुरजपुर का औचक निरीक्षण

**सुरजपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** सुरजपुर के कलेक्टर रोहित ब्यास के निर्देश पर सुरजपुर के एसडीएम श्री जगरनाथ वर्मा ने छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान लखनपुर जिला सरगुजा द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र मंडी रोड सुरजपुर का औचक निरीक्षण किया। ईस दौरान एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने नशामुक्ति केंद्र में भर्ती सभी नशा पीड़ितो से व्यक्तिगत चर्चा किया और नशा मुक्ति केंद्र में सभी व्यवस्थाएं का जायजा लिया। साथ हि एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने नशा से होने वाली सभी बिमारियों को बताते हुए नशा त्यागने का अपिल किया और कहा कि नशामुक्ति केंद्र से वापस जाकर एक अच्छे नागरिक बने। निरिक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के प्रदेश सचिव सुरेन्द्र साहू ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि दिसंबर 2022 से अभी तक कुल 90 नशा पीड़ित भर्ती हुए थे , जिसमें 78 लोग नशा से मुक्त होकर अपने घर चलें गए हैं। साथ ही 285 मरीजों का कांसलिग भी किया गया है। नशामुक्ति केंद्र में प्रमुख रूप से गांजा,शराब, कोरेक्स , चरस ,सुलेशन, तम्बाकू, गुटखा,सिकरेट के मरीज भर्ती है।निरिक्षण के दौरान सुरजपुर जिला समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक बी तिर्की ने बताया कि जिला प्रशासन सुरजपुर द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र में किसी भी जिले का मरीज भर्ती हो सकते है। नशामुक्ति केंद्र में 1 माह में रखकर उसे ठीक करने का प्रयास छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा किया जाता है। नशामुक्ति केंद्र में संस्थान द्वारा सभी व्यवस्थाएं कि जा रही है।निरिक्षण के दौरान एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा नशामुक्ति केंद्र में उपलब्ध कराए जा रहे व्यवस्थाओ का जायजा लिया। और नशा मुक्ति केंद्र में रहने वाले युवाओं को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्देश संस्था प्रमुख को दिया। साथ ही नशामुक्ति केंद्र में रहने वाले लोगों को व्यस्त रखने का निर्देश दिया। निरिक्षण के दौरान एसडीएम जगरनाथ वर्मा ने किचन, बाथरूम,पुजाघर शयनकक्ष का निरिक्षण भी किया ।ईस दौरान छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान लखनपुर जिला सरगुजा के सभी कर्मचारी भारती साहू, योगेश गुप्ता, हरिकेश गुप्ता, संजय जायसवाल, विकास विश्वकर्मा, सचिन,जय विश्वकर्मा,सुरज सिंह, अर्णव ,रितेश सहित सभी स्टाफ और हितग्राही उपस्थित रहे।



## धर्म समाचार....

# देश के आठ गणेश मंदिर : राजस्थान में तीन आंखों वाले गणपति












देशभर में गणेश जी के अलग-अलग रूपों को पूजा जाता है। जहां मुंबई में गणपति को हर काम पूरा करने वाले सिद्धि विनायक के रूप में पूजा जाता है वहीं, चित्तूर में भगवान गजानन लोगों के विवाद सुलझाते हैं। राजस्थान में गणेश अपनी पत्नी रिद्धि-सिद्धि और दो पुत्र शुभ और लाभ के साथ विराजमान हैं। पुणे में इन गणपति को शांति, सेहत और इच्छा पूरी करने वाले देवता के रूप में पूजा जाता है। आइए जानते हैं देश के आठ बड़े गणपति मंदिरों के बारे में...

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# स्कूल के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रबंधित, इन्होंने स्कूल में ही बजवा डाला

## मानपुर के सेजेस में कलेक्टर ने जारी आदेश को तार तार किया प्रबंधन ने 5 दिन बाद किया टीचर्स डे सिलिब्रेशन, जमकर बजे गाने, शिक्षक दिवस की गरिमा धूमिल की

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्र गांव का कथित तौर पर अपमान करने वाले मानपुर के शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्कूल प्रबंधन का एक और कारनामा सामने आया है। जहां जिले के कलेक्टर द्वारा जारी निर्देश की धज्जियां उड़ते दिखी। दरअसल कलेक्टर ने हाल ही में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है कि स्कूलों के आसपास 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन यहां स्वामी आत्मानंद स्कूल के भीतर ही स्कूल के जिम्मेदारों ने जमकर साउंड सिस्टम बजवाई। और कलेक्टर के जारी आदेश को तार तार कर दिया।

**कलेक्टर के आदेश को किया दरकिनार, तेज आवाज में बजे गाने, बस्ती गूंज गया**

दरअसल मानपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल यानी सेजेस में बीते 10 सितंबर को शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बकायदा स्कूल परिसर में मंच सजाया गया। वहीं डांस , गीत समेत विविध कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया। इस दौरान यहां जमकर साउंड सिस्टम बजाया गया। कई तरह के गाने तेज आवाज में कार्यक्रम के दौरान चलाए गए। साउंड सिस्टम की आवाज भी ऐसी की स्कूल के आस पास की मकाने व बस्ती साउंड सिस्टम की आवाज में गूंज रही थी। जबकि वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा जिले में साउंड सिस्टम के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हुआ है। जिसके मुताबिक स्कूल के आस पास लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध लागू है।

**शिक्षक दिवस के 5 दिन बाद ये कैसा शिक्षक दिवस?**

शिक्षक दिवस 5 सितंबर को हमारे देश के प्रथम उप राष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म तिथि के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन आम तौर पर स्कूलों में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा अर्चना कर उनके उल्लेखनीय कार्यों को याद किया जाता है। अमूमन शालीनता से कार्यक्रम आयोजित होकर शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। लेकिन शिक्षक दिवस को 4 दिन बीत जाने के बाद पांचवे दिन ये कैसा शिक्षक दिवस जहां गाने, डांस के साथ



तेज साउंड सिस्टम की आवाज में धूम धड़ाका हुआ। प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के बावजूद नियम को ताक में रखकर शासकीय स्कूल में साउंड सिस्टम का उपयोग, और वो भी संविधान द्वारा नियत तिथि के 4 दिन बाद अन्य तिथि में, कहीं न कहीं सेजेस स्कूल में शिक्षक दिवस का अर्थ व महत्व ही उक्त कार्यक्रम के बीच बदलता दिखा। वहीं नियम का उल्लंघन कर हुए इस कार्यक्रम से शिक्षक दिवस की गरिमा भी धूमिल होते नजर आई।

**बच्चों की परीक्षा का हवाला देकर प्रबंधित किया गया है स्कूल के आसपास तेज लाउड स्पीकर**

बीते 9 सितंबर को जिले के कलेक्टर ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत विभिन्न संस्थानों समेत शिक्षण संस्थान के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। परीक्षा का हवाला देते हुए स्कूल के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र कलेक्टर ने घोषित किया है। वहीं इसके बाद शासन की ओर से भी उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के संदर्भ में आदेश सामने आया है जिसमे स्कूल के 100 मीटर की परिधि में लाउड स्पीकर बजाने पर कड़ी कार्यवाही जैसी तथ्य उल्लेखित है। इधर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के के अगले ही रोज आदेश का उल्लंघन कर स्कूल के आसपास नहीं बल्कि स्कूल परिसर के भीतर ही जिम्मेदारों ने जमकर लाउड स्पीकर बजवा दिया। अब इसमें किस पर क्या कार्यवाही होगी ये देखने वाली बात होगी।

**राष्ट्रगान के कथित अपमान के बाद अब कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन, क्या होगी मुखिया पर कार्यवाही ?**

हाल ही में इसी आत्मानंद स्कूल में एक दिव्यांग महिला भृत्य द्वारा राष्ट्रगान कराने तथा स्कूल के प्रिंसिपल समेत तमाम अध्यापकों के राष्ट्रगान से नदारत रहने का मामला सामने आया था। शिवसेना प्रमुख ने इसे राष्ट्रगान का अपमान बताते हुए कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस में केस दर्ज कराने की बात भी कही है। अब इसी स्कूल में शिक्षक दिवस की गरिमा तार तार होते नजर आई है जहां शिक्षक दिवस के चार दिन बाद ऐसा शिक्षक दिवस मनाया गया जहां शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल में जमकर तेज आवाज में घंटों लाउड स्पीकर बजाया गया। पूर्व में भी इस स्कूल में शिक्षक द्वारा बच्चों को प्रताड़ित करने का मामला सामने आ चुका है। ऐसे में अब बड़ा सवाल ये उठता है कि विवादों में घिरे स्कूल के मुखिया पर क्या कार्यवाही होगी। गौर करने वाली बात ये भी है कि ब्लॉक समेत जिले भर में कई वरिष्ठ, अनुभवी व्याख्याताओं, प्रिंसिपलों के रहते हुए भी ब्लॉक के इस बड़े व महत्त्वपूर्ण स्कूल में कनिष्ठ व्याख्याता को प्राचार्य बना दिया गया है। वहीं कुशल प्रबंधन का अभाव ही कहें कि स्कूल में नित नए बखेड़े खड़े हो रहे हैं। और 1964 का ये दशकों पुराना प्रतिष्ठित स्कूल विवादों में घिरता जा रहा है।

# मारगांव में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सपीपस्थ ग्राम मारगांव में मित्र मण्डल गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान् में शनिवार 14 सितंबर को सायं भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समिति के डेमन कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता एकल, युगल तथा सामूहिक तीन वर्गों में होगी। तीनों वर्ग में प्रथम से लेकर पंचम तक के विजेताओं को पुरूस्कृत किया जायेगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने इच्छुकजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# बीएसएनएल कर्मी की पत्नी की मौत के बाद फर्जी साइन कर 11 साल तक पेंशन लेती रही एक महिला

**मामला गंभीर जांच का विषय**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत संचार निगम लिमिटेड में कार्यरत एक मुस्लिम कर्मचारी के मौत के बाद उनकी पत्नी वर्षों तक



विधिवत पेंशन लेती रही बात यहां तक तो ठीक है। लेकिन इसके बाद जो हुआ वह चौंकाने वाली है। अपने पति के मौत के बाद पेंशन लेने वाली महिला के औलाद (बच्चे) लेकिन उन्हें दूर-दूर तक कोई भनक नहीं होने की दशा में एक अन्य महिला ने इसका जमकर फायदा उठाया वह उनके नाम का फर्जी हस्ताक्षर करके प्रधान डाकघर से करीब 11 साल तक पेंशन लेती रही है। शासन प्रशासन की इस व्यवस्था में इतने गंभीर अपराध की किसी को भनक नहीं लगना भी आश्चर्य की बात है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक व्यक्ति को शक होने पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकाली गई। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गौरी नगर निवासी रियाजुर रहमान भारत संचार निगम लिमिटेड राजनांदगांव का कर्मचारी था। उसकी मौत 31 मई 2005 को हो गई थी। उसके बाद उनकी पत्नी शकीला बेगम जो उनके साथ रहती थी। पेंशन लेती रही जब शकीला बेगम का इंतकाल 12 फरवरी 2013 को हो गया तो उसके बाद उनके नाम का पेंशन एक महिला फर्जी हस्ताक्षर करके करीब 11 साल तक लेती रही है। हर महीना प्रधान डाकघर से हस्ताक्षर करके पेंशन निकालने के बाद भी डाकघर के अधिकारी कर्मचारियों को कोई शक संदेह नहीं होना आश्चर्य की बात है। कहीं ऐसा तो नहीं मिली भगत करके शासन को लंबा चुनाव लगाया जाता रहा जो भी हो मामला जांच का विषय है।

# पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी की संभागीय बैठक कल

**अरविन्द तिवारी**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी



श्रीनिश्चलानंद सरस्वतीजी महाभाग द्वारा संस्थापित संगठन धर्मसंघ पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी की दुर्ग संभाग की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक कल 15 सितम्बर रविवार को दोपहर ढाई बजे भगवान लंगूरवीर मंदिर परिसर शनिचरी बाजार दुर्ग में आयोजित है। इस बैठक में आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू सहित प्रांतीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से ईश्वरी अभियान अखंड हिन्दू राष्ट्र भारत की स्थापना में गुरुजी का अनुसरण कर गिलहरी की भाँति सहभागी बनने एबं आगामी दिनों में गुरुजी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर चर्चा , मठ मंदिरों को केंद्र बनाकर चलाये जा रहे साप्ताहिक एवं मासिक प्रकल्प पर चर्चा , संगठन की आगामी योजना एवं प्रदेश कार्यकारिणी संबंधित चर्चा , संगठन विस्तार एवं योजनाओं में कार्य करने में आ रही बाधाओं पर चर्चा और संगठन विस्तार की दृष्टिकोण से प्रत्येक जिले में प्रवास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों पर विस्तृत रूप से गहन चर्चा की जायेगी। इसके अलावा बैठक में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में 10 दिनी भंडारा रोज, उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

## प्रतिदिन अतिथियों को सम्मान में मोमेंटो व गणेश भगवान का फोटो फ्रेम भेंट

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम मंदिर जनता कॉलोनी लखोली में समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 दिवस तक भंडारा आयोजित करके प्रथम पूज्य देवता का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे और उपाध्यक्ष गप्पू सोनकर (पार्षद वार्ड क्रमांक 31 ) ने समवेत तौर से बताया कि इस मंदिर में वर्ष भर समय-समय पर विशेष आयोजन होते रहते हैं। फिर तो श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में गणेश उत्सव का कहना ही क्या? जनता कॉलोनी ही नहीं आसपास के श्रद्धालुओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। 07 सितंबर गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश उत्सव की अनंत चतुर्दशी तक धूम रहेगी। प्रतिवर्षानुसार इस बरस भी 10 दिन



तक हर शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारा प्रसादी का महा आयोजन हो रहा है। जिसमें हजारों की संख्या में प्रतिदिन वार्डवासी सहित आसपास के लोग भंडारे में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। सुबह शाम नियमित आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन अतिथियों का सम्मान में अतिथि का फोटो, नाम व पदनाम वाला मोमेंटो और भगवान गणेश जी का फोटो फ्रेम भेंट किया जा रहा है। रोज संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठा रहे है। मंदिर को विशेष ढंग से सजाया गया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे संरक्षक व पार्षद गप्पू सोनकर, सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्डा, टी आर ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे, मोहन सिंग राजपूत, नवीन जैन, दीपक जैन, अलोक श्रीवास्तव, तिलाराम ठाकुर, किशोरी पारख, मन्नू शुक्ला, झनक राजपूत, राकेश सरोदे, निक्कू पाण्डेय, गवरव सोनकर, सोनू सोनकर, उभेलाल सोनकर, हरिश श्रीरंगे, दिनेश साहू, बृजेश श्यामकर और उभेलाल सोनकर, समिति के पदाधिकारी सदस्य गण सहित समस्त वार्डवासी के लोग उपस्थित हैं।

# गैंदाटोला में रिकाडिंग डांस प्रतियोगिता 15 को

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम गैंदाटोला में विघ्नहर्ता गणेशोत्सव समिति एवं दानदातागण समस्त ग्रामवासी गैंदाटोला के तत्वधान में 15 सितंबर को बाजार चौक में रात 8 बजे से शुरू होगी रिकाडिंग डांस स्पर्धा 2 चरणों में




होगी सामूहिक,युगल एवं एकल में प्रतियोगिता की जाएगी सामूहिक डांस स्पर्धा में प्रथम चार विजेता टीम को 15001,10001,7001,5001 रूपये से पुरुस्कृत किया जायेगा वही युगल एवं एकल के चार विजेता टीम को 10001,6001,4001,3001 रूपये दिया जाएगा साथ ही सदाबहार की भी राशि का इनाम रखा गया है इस कार्यक्रम में उदघोषक के रूप में लीना कोसमा (कांकेर) से आने वाली हैं प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अल्फिया हनीफ कुरैशी सरपंच ग्राम पंचायत गैंदाटोला, डाक्टर प्रकाश शर्मा सचिव जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी राजनादगांव,हेमिन विष्णु साहू जनपद सदस्य छुरिया, खिलेश्वर साहू महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया,मनीष त्रिपाठी मंत्री मंडल भाजपा छुरिया, हेमलता दिलीप साहू सरपंच ग्राम पंचायत फाफामार,महेश गुप्ता ग्राम पटेल,खलील अहमद कुरैशी समाजसेवी, राजकुमारी सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया व क्षेत्र के सभी समाजसेवी उपस्थिति रहेंगे।


# राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में डोंगरगांव के अमय नाहटा प्रथम



**डोंगरगांव।** गणित विषय मे नई पीढ़ी के बच्चो में रुचि पैदा करने एवं पारंगत करने के ध्येय से गत दिनो राजधानी रायपुर की संस्था ब्रेन अबेकस क्लासेस लगाया जाकर प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन रायपुर सहित दूरदराज से आये कोई एक हजार प्रतिभागियों ने सभी वर्गो के शामिल हुए इस प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में 'डोंगरगांव' के अमय नाहटा उम्र (7 वर्ष) पिता सीए अतुलकुमार नाहटा ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये चैंपियन का अवार्ड अपने नाम कर नगर को गौरवान्वित किया है। अमय के इस उपलब्धि पर परिजनों के अलावा शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

# बाल रत्न मंच गणेश उत्सव पंडाल में 5100 दीपों से दीपोत्सव संपन्न

## सनातन की अलख जगाने संस्कारधानी के जन जन ने दीप जलाए, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी सनातन का दीप प्रज्वलित किया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी राजनांदगांव में बाल रत्न मंच गणेश उत्सव समिति के संयोजक संदेश जैन,प्रशांत अग्रवाल रवि शर्मा ने बताया की गणपति पंडाल में देव दीपावली भाद्रपद शुक्ल नवमी तिथि 12 सितंबर ,गुरुवार संध्या 7:00 बजे 5100 दीपो से दीपमालिका सजाकर दीपोत्सव मनाया दीपोत्सव आयोजन में पधारे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सनातन का एक दीप प्रज्वलित किया दीपोत्सव के मुख्य अतिथि माननीय श्रीमती अलका सुरजन जी, एवं माननीय श्रीमती सुषमा सुरजन जी विशिष्ट अतिथि माननीय रमेश जैन सपत्नीक पहुंचे समाजसेवी छुरिया वाले , विशिष्ट अतिथि माननीय अशोक पांडे संपादक नंदगांव टाइम्स , राजेश शर्मा सपत्नीक पूर्व सैनिक , श्रीमती शारदा तिवारी , श्रीमती



साधना तिवारी , श्रीमती प्रज्ञा पंकज गुप्ता , सभी अतिथियों ने सनातन का दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव प्रारंभ किया । आयोजन में पधारे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का स्वागत समिति के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने माल्यार्पण कर एवं संरक्षक रमेश जैन द्वारा दुपट्टा पहनाकर किया समस्त अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर किया पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की जगन्नाथ महाप्रभु की गोद में बाल स्वरूप गणपति की अद्भुत मनमोहक छवि के दर्शन से जीवन धन्य हुआ आपकी संस्था के 31वें वर्ष के आयोजन में सनातन संस्कृति का एक दीप जलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आपकी संस्था अनेक सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है आप सभी को मेरा नमन जय श्री गणेश,जय जगन्नाथ दीपोत्सव के आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोगी संस्कार ठाकुर का स्वागत संस्था के संयोजक प्रशांत अग्रवाल ने किया दीपोत्सव आयोजन के सहयोगी राकेश ठाकुर शनि धाम परिवार का सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन सौरभ खंडेलवाल ने किया प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से रात्रि 11:00



बजे तक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है उपरोक्त जानकारी बाल रत्न मंच गणेश उत्सव आयुष शर्मा हर्ष अग्रवाल ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com